संक्षिप्त

तिरंगा यात्रा 26 को

निवाई। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वन्दन अभिनन्दन करने के लिए शहर में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व भाजपा शहर अध्यक्ष अंकुर गुप्ता द्वारा तिरंगा यात्रा के पोस्टर का विमोचन करके तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया।इस अवसर पर रामावतार घाटी, पार्षद अंकित वर्मा, पार्षद नितिन जैन छाबड़ा, जयनारायण कुमावत, वंशप्रदीप पारीक, कैलाश नटवाड़ा, रामचरण पारीक, आशु गोड़, जितेंद्र विजय, लक्ष्मण खटाना, जितेन्द्र धारवाल, जोहन केशवानी, गोरधन जैन, प्रहलाद सैनी व लालचंद सैनी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

10 डेंटिस्ट्स को मिला अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा

मानपुरा माचेडी । दिल्ली जयपुर हाइवे पर स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित जयपुर डेंटल कॉलेज में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इमिडीएट लोडिंग बेसल इम्प्लांट कोर्स उपरांत 10 डेंटिस्ट्स/डॉक्टर्स को यह डिप्लोमा प्रदान किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग ट्रस्टी, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान स्टेट डेन्टल कौंसिल डॉ. विकास जैफ मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वाइस चांसलर डॉ मनोहर भट्ट ने की। जर्मनी से आए डॉ. स्टीफन हेडे और डॉ. एंटोनिना हेडे विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए डॉ. विकास जैफ ने पांचवे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह विशेष डिप्लोमा कोर्स जयपुर डेंटल कॉलेज में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है, और पूरे देश में यह कोर्स केवल जयपुर डेंटल कॉलेज में उपलब्ध है।

चार आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में रामसिंह वृत्ताधिकारी देवली के व थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में गठित टीम ने अपहरण के मामले में छः माह से फरार दो वांछित आरोपी महेन्द्र पुत्र शुभकरण उर्फ भोमा जाति जाट निवासी कालानाडा थाना अरांई जिला अजमेर 19 अप्रेल की रात्रि को अजमेर से गिरफ्तार किया तथा दूसरा आरोपी गजराज पुत्र स्व. शिवराज को ग्राम टीकावड़ा थाना किशनगढ से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां उन्हे पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। पूछताछ में सामने आया कि महेन्द्र जाट के फूफा नन्दा जाट की पुत्री द्वारा अपहृत शंकर लाल जाट के पुत्र के साथ प्रेम विवाह करने से नाराज होकर आरोपी महेन्द्र जाट ने 27 नवम्बर 2024 को अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बंथली से अपहरण किया था। महेन्द्र जाट के खिलाफ पुलिस थाना अराई में मारपीट, हत्या का प्रयास व अवैध हथियार के कई प्रकरण दर्ज है।

निरीक्षण किया

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला कोष कार्यालय (ट्रेजरी) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। रामेश्वर प्रसाद शर्मा उपकोषाधिकारी ने जिला कलक्टर को कोषालय के विभिन्न मॉड्यूल यथा प्ष्डै 3.0 एवं राजकोष आदि पर कार्य किये जाने का परिचय देकर बिलों के पारित व आक्षेप करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जिला कलेक्टर ने कोषाधिकारी कार्यालय के कई अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया ।

अध्यक्ष पद का चुनाव 25 मई को

फुलेरा । फुलेरा तहसील कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव 25 मई रविवार को होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के महामंत्री मूलचन्द देवन्दा ने बताया कि वहीं चुनाव के पूर्व एक आवश्यक मिटिंग भी सुबह 10 बजे रेलवे रामलीला मैदान के पास स्थित शिव मन्दिर परिसर में आयोजित होगी। मिटिंग के दौरान खाद बीज व्यापार मे आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की जायेगी। इसके तुरन्त बाद ही कार्यकारीणी का चुनाव भी होगा। जिसमें फुलेरा तहसील के सांभर, जोबनेर, नरैना, आकोदा, खण्डेल, फुलेरा, बोबास, खेजड़ावास, भन्दे बालाजी सहित अन्य आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खाद बीज व कीट नाशक दवाईयों का व्यवसाय करने वाले सभी व्यापारी अपना मतदान कर अध्यक्ष का चुनाव कर सकेंगे।

तिरंगा यात्रा में युवाओं ने भारतीय सैनिकों एवं भारत माता जिन्दाबाद के नारे लगाये

दौसा। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समिति के आव्हान पर बुधवार को दौसा जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, तिरंगा यात्रा का तकरीबन दो दर्जन से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इधर तिरंगा यात्रा में 501 मीटर लम्बा तिरंगा एवं भारत माता की जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। वही दूसरी ओर तिरंगा यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष जूनून देखा गया, हजारों की संख्या में युवाओं ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

दौसा जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा को सहजनाथ महादेव मंदिर से जिले के प्रभारी मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ एवं सहकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर, तिरंगा यात्रा प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी, दौसा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, लालसोट विधायक रामबिलास भाया, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, महया विधायक राजेंद्र मीणा, पूर्वमंत्री कन्हैयालाल मीणा ने रवाना किया। तिरंगा यात्रा सहजनाथ महादेव मंदिर से रवाना होकर शशहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी तिराहा पहुंची।

इस दौरान तकरीबन दो दर्जन से अधिक स्थानों पर तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा के साथ चल रहे युवाओं ने भारतीय सैनिको एवं भारत माता के जिन्दाबाद के नारे लगाये, जिसके चलते पूरा शहर

- **सैरिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का विप्र फाउंडेशन द्वारा पुष्पवर्षा से स्वागत किया**

गुंजायमान हो गया।

उधर तिरंगा यात्रा में भारत माता, सैनिकों की जीवंत झांकी सजाई गई थी। इस दौरान जिला प्रभार मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकी ठिकानों को तो बर्बाद किया ही साथ ही दुश्मनों को भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इसी के साथ पूरे विश्व को अपने शौर्य और पराक्रम से यह संदेश भी दिया कि देश के सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाली ताकतों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

विप्र फाउंडेशन ने किया तिरंगा यात्रा का स्वागत: विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री मनीष लाटा ने बताया कि सैरिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का विप्र फाउंडेशन द्वारा पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान सभी सहभागियों को शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के जौन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दौसा जिला प्रभारी सियाराम शर्मा, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव दीपक शर्मा, महिला प्रकोष्ठ जिल्ला अध्यक्ष श्रीमती संदीपा शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, बलराम शर्मा, संजीय रावत, राजेश शर्मा, शिव शंकर शर्मा, रमाकांत शर्मा आदि ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

अधिकारियों की बैठक ली

चाकसू। उपखण्ड कार्यालय चाकसू के सभा भवन में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली गई। उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने बताया कि बैठक में विधायक बैरवा ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं और प्रगति की समीक्षा सहित क्षेत्र की बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम पंक्ति के लोगों को सशक्त कर मुख्यधारा में लाया जाए।बैठक में उपखण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में संबंधित अधिकारीगणों को नियमित पेयजल आपूर्ति, अवैध पेयजल कनेक्शन हटवाने, हीटवेव के संबंध में आवश्यक विद्युत आपूर्ति एवं नियमित पेयजल एवं विद्युत संबंधित समस्याओं के तुरन्त निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मूंडिया में पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ

निवाई। ग्राम पंचायत मूंडिया में सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेद आश्रम पर पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। आश्रम के अध्यक्ष गोपाल आर्य ने बताया कि जयपुर पार्षद अंकित वर्मा, आश्रम संचालक स्वामी आत्माज्ञानानंद महाराज व आचार्य हरिश्चंद्र शास्त्री गुरुकुल भुसावर द्वारा ध्वजारोहण करके महायज्ञ को शुभारंभ किया।

भजनों उपदेशिका सुमन शास्त्री, प्रियंका आर्य, वेद पाठी नूतन आर्य, अनामिका आर्य, गुरुकुल भुसावर की ब्रह्मचारिणियों द्वारा ध्वज गान किया गया। सभी आगंतुक अतिथियों का आश्रम की ओर से स्वागत किया गया। पार्षद अंकित वर्मा ने सभी को वैदिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान जीवर्धन शास्त्री ने जन-जन में शिक्षा के प्रति चेतना जागृत करने के लिए प्रेरित किया।

मूंडिया में सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेद आश्रम पर आयोजित ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

उन्होंने देश के जनजाति बहुल क्षेत्र में शिक्षा के प्रति अलख जगाने एवं वेदों का व्यापक विचार किए जाने के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्वामी आत्मानंद महाराज द्वारा लगाई गई वेद के व्यापक प्रचार प्रसार की नींव व उनके मिशन की प्रशंसा की।

सद्भावना केंद्र का शुभारंभ

चाकसू। चाकसू कस्बे में बुधवार को टोंक रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के सामने क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के द्वारा मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र का शुभारंभ किया गया। विधायक बैरवा ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि उक्त स्थान पर अनुपयोगी वस्तुऐं यथा कपडे, जुते, चप्पल, बर्तन, खिलौने, पुस्तक इत्यादि दान किया जा सकता है और जरूरतमन्द व्यक्ति उक्त सामान आवश्यकतानुसार निःशुल्क प्राप्त कर सकता है। जिससे समाज में सहयोग और सद्भाव को बढ़ावा देगी। उन्होंने लोगों से इस केंद्र का लाभ लेने और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। पहला, नागरिक अपनी अनुपयोगी वस्तुएं यहां दान कर सकेंगे। दूसरा, जरूरतमंद लोगों को यहां से उपयोगी सामग्री मिल सकेगी।कार्यक्रम में पूर्व कृषि मण्डी अध्यक्ष कैलाश चन्द्र शर्मा ने भी कहा कि अनुपयोगी वस्तुएँ सद्भावना केन्द्र के माध्यम से जरूरतमन्द व्यक्तियों तक पहुंचेगी तो कचरे का उत्पादन कम होगा।

35 किमी लम्बी 23 सड़कों के लिये 10 करोड़ रूपयों की राशि स्वीकृत

कोटपूतली। विधायक हंसराज पटेल के प्रयासों से राज्य सरकार ने कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में मिसिंग लिंक व नॉन पेचेबल श्रेणी की 35 किमी लम्बी विभिन्न 23 सडकों के निर्माण कार्य हेतु 10 करोड़ रूपयों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है।

- **विधायक पटेल ने जताया मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार**

उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व पीडब्ल्यूडी मंत्री डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उक्त सडकों के निर्माण से क्षेत्र का आधारभूत ढ़ांचा मजबुत होगा एवं विकास कार्यो को नये पंख लगेगें। जिससे आमजन को काफी सुविधा होगी, आवागमन में आसानी होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत अन्य कार्यो को भी गति मिल सकेगी।

ग्राम गोनेड़ा में खटाना की ढ़ाणी से मुर्गी फॉर्म तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 35 लाख, मल्लाला की ढ़ाणी से हांसियावास तक 02 किमी लम्बी सडक के लिये 85 लाख, द्वारिकपुरा स्टैण्ड से भड़ाज श्री कृष्ण गौशाला तक 02.60 किमी लम्बी सडक के लिये 01.10 करोड़, राजमार्ग से कल्याणपुरा खुर्द 01 किमी सडक के लिये 24 लाख, भालोजी से बसई तक 1.5 किमी लम्बी सडक के लिये 37.50 लाख, पनियाला तिराहा से बींजाहेड़ा तक 1.5 किमी लम्बी सडक के लिये 37.50 लाख, गोनेड़ा से टोड़ी तक 1.5 किमी लम्बी सडक के लिये 37.50 लाख, पनियाला से खेडकी मुक्कड़ तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 25 लाख, चिमनपुरा से गोलियां की ढ़ाणी वाया खेड़ा निहालपुरा 02 किमी लम्बी सडक के लिये 50 लाख, नीमकाथाना मार्ग से पदमा की ढ़ाणी सीमा तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 25 लाख, खड़ब से डोईयों की ढ़ाणी 1.70 किमी लम्बी सडक के लिये 37.50 लाख, नारेहड़ा से धंवाली की ओर 01 किमी लम्बी सडक के लिये 25 लाख, दांतिल से पुठाला 02 किमी लम्बी सडक के लिये 45 लाख, चोटिया देवता सडक से रामनगर की ओर 600 मीटर लम्बी सडक के लिये 15 लाख, कल्याणपुरा स्टैण्ड से भूतों की ढ़ाणी बाबा भैंरू मंदिर तक 1.5 किमी लम्बी सडक के लिये 35 लाख, आर जे 32 होटल से राजकीय स्कूल पूतली तक 1.5 किमी लम्बी सडक के लिये 37 लाख, राजमार्ग से करवास तक 03 किमी लम्बी सडक के लिये 75 लाख, नवरंगपुरा सडक से कांकरिया की ढ़ाणी तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 45 लाख, बुचारा से ढ़ाणी चौटक्या राजकीय स्कूल तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 44 लाख, मलपुरा स्कूल से लाल कोठी तक 01 किमी लम्बी सडक के लिये 35 लाख, चावड़ा की ढ़ाणी से दायमा की ढ़ाणी तक 02 किमी लम्बी सडक के लिये 70 लाख, शिव भट्टा से खम्भो की ढ़ाणी तक 01.75 किमी लम्बी सडक के लिये 70 लाख रूपयों की राशि स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार बालाजी चौक से झाड़ली वाया रामसागर, मोहनदासवाली व भूरी भड़ाज 02 किमी लम्बी सडक के लिये 02 करोड़ रूपयों की राशि भी स्वीकृत की है।

सरकार के निर्देश के बावजूद हीटवेव से बचाव के लिए नहीं उठाए कदम

सांभरझील। सरकार के निर्देश के बावजूद स्थानीय पालिका प्रशासन की ओर से हीटवेव से बचाव और इस संबंध में किए जाने वाले उपायों के लिए कोई कदम नहीं उठाया। बता दें कि हीटवेव स्थिति को देखते हुए सरकार ने पुनः दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी की। नगरपालिका सांभर को भी इसकी सख्ती से पालना करने के लिए हिदायत दी गई, लेकिन लोकल लीडरशिप संभाल रहे नेताओं को तो लगता है इससे कोई सरोकार ही नहीं रह गया। जनहित में उठाए जाने वाले कदम फाइलों में ही दब कर रह गए हैं। खुद स्वायत्त शासन विभाग ने भी कहा था कि इसके अंतर्गत गर्मी से असुरक्षित आबादी/स्थानों (यथा सामान्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन एवं रिक्शा स्टेण्ड इत्यादि) का चिन्हिकरण कर, वहां पर आश्रय गृह/स्थल बनाये, उक्त आश्रय गृह/स्थल के साथ ही पूर्व से संचालित आश्रय स्थलों में भी सुविधाएं यथा पंखा/कूलर, पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य पानी, ओआरएस के पैकेट इत्यादि की व्यवस्था की जिम्मेदारी भी नगरपालिका को उठाने के लिए पाबंद किया था। चिन्हित स्थानों पर नजदीकी राजकीय चिकित्सालय सुविधाओं/अस्पतालों के नाम एवं संपर्क नम्बर का पूर्ण विवरण प्रदर्शित

- **सरकार के निर्देश के बावजूद स्थानीय पालिका प्रशासन की ओर से हीटवेव से बचाव और उपायों के लिए कोई कदम नहीं उठाया**

करने, आवागमन वाले स्थलों यथा बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, भीड-भाड वाले बाजार इत्यादि पर भी छाया की समुचित व्यवस्था कर पीने योग्य पानी, ओआरएस के पैकेट इत्यादि की व्यवस्था कर इसकी पालना रिपोर्ट सरकार को भिजवानी थी लेकिन इसका भी कुछ नहीं हुआ। पालिका की ओर से इसके अलावा पक्षियों के लिए पेड़ों पर दाना-पानी के लिए पात्र की व्यवस्था का जिम्मा भी सोंपा गया था, स्थानीय दानदाता-भामाशाह /सामाजिक संस्थाओं एवं लोगों को प्रेरित कर उनका सहयोग लैने को कहा गया था। जगह-जगह सर्वे कर आवारा पशुओं हेतु खेलियां रखी जाने तथा प्रत्येक दिन उसमें पानी भरने का काम भी पाली का प्रशासन को ही करना था लेकिन सरकार के आदेश के करीब एक माह बाद भी अभी तक इस पर कोई अमल नहीं हो सका।

'सरकार की घोषणाओं की गंभीरता से समझते हुए अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें'

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बुधवार को जिला सचिवालय में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं का निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके।

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को स्कूल एवं

खैरथल जिला सचिवालय पर अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

महाविद्यालय स्तर पर निर्मित होने वाले छात्रावास को आगामी 15 दिवस में शुरू करने तथा आगामी एक माह में नगर परिषद को वेस्ट वंडर पार्क बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को शेष 3 गांव में जीएसएस गठन करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उन्होंने जिले की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी घोषणाओ की गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से

- **कलेक्टर ने सहकारिता विभाग को शेष 3 गांव में जीएसएस गठन करने तथा आगामी एक माह में नगर परिषद को वेस्ट वंडर पार्क बनाने के निर्देश दिए**

कार्य करें। प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलोअप किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, आरसीएचओ हेमंत सिंह डागर, समाज कल्याण अधिकारी रमेशद हमीवाल, अधीक्षण अभियंता सृजन निर्माण विभाग भूरी सिंह, उपनिदेशक कोऑपरेटिव विभाग वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना पर चर्चा

भरतपुर । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने शिक्षा एवं पुलिस विभाग के समन्वय से बालिका स्कूलों में आगामी सत्र में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहे, इसके लिए ड्रॉप आउट बालिकाओं का चिन्हित करने के लिए टीम भेज कर सर्वे किया जाये। साथ ही शिक्षा सेतु योजना में बालिकाओं के नामांकन दाखिल करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

जागरूकता अभियान का शुभारंभ

अलवर। पंजाबी समाज की जातिगत और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्कीम दो स्थित पुरुषार्थी धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर भर के पंजाबी समाज से जुड़े सभी प्रमुख समिति संगठन एवं समाज के जागरूक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में यह चर्चा मंथन किया गया कि भारत विभाजन के बाद पंजाबी समाज ने अपने पुरुषार्थ, मेहनत और संकल्प के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में खुद को स्थापित किया तथा समाज की मुख्यधारा में सशक्त भूमिका निभाई। लेकिन इस विकास यात्रा में जातिगत पहचान को लेकर अपेक्षित सजगता नहीं बरती गई, जिसके कारण आज तक सरकारी आंकड़ों और रिकॉर्ड्स में पंजाबी समाज की वास्तविक जनसंख्या दर्ज नहीं हो पाई है। इस विषय पर गहन चर्चा और विचार-मंथन के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खत्री पंजाबी जनगणना जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत समाज के सभी परिवारों से यह अपील की जाएगी कि आगामी जनगणना में अपनी जाति खत्री और भाषा पंजाबी अवश्य लिखवाएं।

बैठक आयोजित

पावटा। बीकानेर प्रवास के दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी 22 मई 2025 गुरुवार को प्रस्तावित बीकानेर सभा को लेकर बीकानेर भाजपा कार्यालय में पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की एवं युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री की सभा में आने का आ ान किया प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान रेलवे स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को विकास कार्यों की सौगात देंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान में पहली बार पधारने पर मोदी जी के इस दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में अपार जोश एवं उत्साह का माहौल है। मोदी के बीकानेर दौरे के प्रभारी कुलदीप धनखड़ ने बताया कि मोदी के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर आगमन पर युवा साथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी एवं उत्साह के साथ स्वागत किया जाएगा तथा कार्यकर्ताओं से अपील की मोदी के स्वागत के लिए भारी तादाद में उमड़े। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी भी मौजूद रहे।

महायज्ञ के पांचवे दिन संतो ने दी आहुति

नारायणपुर। कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद सरस्वती परमहंस आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ के पांचवे दिन बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्वितीय संगम देखने को मिला। मुख्य यजमान मोहन आत्रेय के साथ अनेक आश्रमों से पधारे साधू-संतो ने यज्ञकुंड में विधिपूर्वक आहुतियाँ अर्पित की। इस विशेष अवसर पर पीर बाबा आश्रम से महंत श्योराम दास महाराज, पुरुषोत्तम दास आश्रम से महंत राम-लखन दास महाराज तथा माधवानंद आश्रम से साध्वी विदुषी सरस्वती सहित अन्य धर्माचार्य उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण और अग्निहोत्र की पावन लपटों के बीच संतो ने विश्व शांति, पर्यावरण संतुलन और जनकल्याण की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। यज्ञाचार्य पं. वेदप्रकाश के निर्देशन में चल रहे इस रूद्र महायज्ञ में प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा-अर्चना, हवन भजन-कीर्तन आदि आयोजन हो रहे हैं। श्रद्धालु पुरे उत्साह और भक्ति के साथ यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महायज्ञ समिति अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 7.30 बजे तक भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। जिसमे आसपास क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। रूद्र महायज्ञ का भव्य समापन 25 मई को होंगा। जिसमे विशेष पूजा, पूर्णाहुति और विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेंगा।

दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए कराएं स्वावलंबन पोर्टल पर पंजीयन

पावटा। दिव्यांग जनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड के नवीन आवेदन केवल भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल पर ही लिए जा रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पावटा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गैंदालाल ने बताया कि स्वावलंबन पोर्टल पर पंजीयन से शेष रहे दिव्यांग जन अपने निकटतम ई-मित्र केन्द्र पर ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन करवा सकते हैं। जिसके लिए मूल निवास संबंधी दस्तावेज यथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि, फोटो एवं हस्ताक्षर,दिव्यांग प्रमाण पत्र यदि पहले से बना हो यह पोर्टल यूडीआईडी कार्ड यूनिक डिसेबिलिटी आईडी जारी करने और दिव्यागता संबंधी योजनाओं का लाभ उग्रने में मदद करता है। पंजीकरण के बाद दिव्यांगजन अपने आवेदन की स्थिति को भी ट्रैक कर सकते हैं। यह पोर्टल दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान करता है। पंजीकरण के बाद दिव्यांगजन विभिन्न सरकारी योजना का लाभ उठा सकता है।

फुलेरा में कांग्रेसीयों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पूण्यतिथि मनाई

फुलेरा । कस्बे की ईटावा रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रातः 10:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षा पुष्पा मेघवाल की अध्यक्षता में आधुनिक संचार क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की पूण्यतिथि मनाई गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर संगठन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पर भारतरत्न राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्पमाला एवं भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राकेश परिहार, ब्लॉक महामंत्री अलीमुद्दीन जोया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचन्द सैनी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्षा जरीना बानो, पूर्व पार्षद गिरिराज तंवर, प्रेमचन्द सैनी, मुकेश शर्मा, जीवन लाल सैनी, मुकेश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी व लू ने किया बेहाल

पावटा । क्षेत्र में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप लगातार जारी है। जिसके कारण आमजन का बेहाल हो रहा है। हालात यह है कि दिन चढ़ने के साथ सूर्य की तेज किरणें निकलती है और 9 बजे बाद लू के थपेड़े चलने लगते है। गुरुवार को सुबह 7 बजे सूर्य की तेज किरणें निकली। 9 बजे लू के थपेड़े चलने लगे। दोपहर में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप इस कदर बढ़ गया कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जिससे मुख्य मार्गों पर चहल पहल कम दिखी। कई मार्गों पर तो इस कदर सन्नाटा पसरा नजर आया कि मानो कर्फ्यू हो गया हो। देर शाम तक भी भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी रहा। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। वही व्यापारियों व ग्रामीणों ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य बाजारों में पानी का छिड़काव करवा ये जाने की मांग की है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

टोंक। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक कार्यालय राजीव गांधी सभागार में स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा विचार गोष्ठी रखी गई। जिसमें जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने स्व. राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी ने अद्वितीय भूमिका का निर्वाह किया। महिला सशक्तिकरण व भागीदारी के लिए उन्होंने कई सुखद कदम परिवर्तनकारी उठाएँ। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बेरवा, जिला उपाध्यक्ष महमूद शाह, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, कैलाशी देवी मी